**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**
**नई दिल्ली**

1. “**सीएसआईआर मुख्यालय, रफी मार्ग, सीएसआईआर विज्ञान केन्द्र, लोधी रोड सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स पूसा, सीएसआईआर नारायणा एवं सीएसआईआर वैज्ञानिक अर्पाटमेंट महारानी बाग, नई दिल्ली में लगे डीजी सैटों, वाटर पम्पों और लिफ्टों सहित सब-स्टेशन पैनलों, इंटरनल इलेक्ट्रिफिकेशन कार्य, इलेक्ट्रिकल एवं सम्बद्ध प्रणाली का वार्षिक सामान्य रखरखाव अनुबन्ध** ”, के कार्य के लिए सीपीडब्ल्यूडी, रेलवे, एमईएस, राज्य पीडब्ल्यूडी, अर्धसरकारी संगठनों के ठेकेदारों और/या सीएसआईआर या इसकी प्रयोगशालाओं, सरकारी अथवा अर्ध-सरकारी संगठनों में ऐसे ही कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा कर चुके ठेकेदारों से ई-टेंडरिंग पोर्टल https://etenders.gov.in/eprocure/app के माध्यम से ऑन-लाइन आईटम रेट ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । निविदाकारों ने गत सात वर्षों में के कम से कम क्रमशः **रु. 106.91 लाख / 80.15 लाख / 53.45 लाख** और अधिक राशि के समान 1/2/3 कार्य या निविदा मांगे जाने वाले माह से पूर्व माह के अंतिम दिन की समाप्ति तक सफलतापूर्वक पूरे किये हों । संविदाकार उक्त शर्तों को पूरा करने वाले साक्ष्यों के साथ-साथ पैन, जीएसटी पंजीकरण संख्या, ईएसआई एवं ईपीएफ पंजीकरण, कार्य संतोषजनक पूरा करने संबंधी प्रमाण पत्रों और वैध इलेक्ट्रिकल लाइसेंस की प्रतियों के साथ आवेदन कर सकते हैं ।

समान कार्य का अर्थ यह होगा कि संविदाकार को **डीजी सैटों, वाटर पम्पों एवम् लिफ्टों के प्रचालन सहित सबस्टेशन पैनलों, इंटरनल इलेक्ट्रिफिरेशन कार्य, इलेक्ट्रिकल एवम् सम्बद्ध प्रणाली का वार्षिक सामान्य रख रखाव अनुबन्ध** कार्य का अनुभव है ।

2. इस कार्य की अनुमानित लागत **रु. 1,33,63,584/- (एक करोड़ तैंतीस लाख तिरसठ हजार पांच सौ चौरासी रुपये मात्र)** है, जो प्रचलित बाजार और डीएसआर- 2018 दर पर आधारित है ।

3. इस कार्य को पूरा करने की संविदा अवधि कार्य शुरू होने की तारीख से 12 (बारह) माह की होगी जिसे अवार्ड लैटर जारी होने के दसवें दिन से गिना जाएगा।

4. निविदाकार द्वारा निविदा को दो बोली प्रणाली में ऑन-लाइन सीपीपीपी वेबसाइटः https://etenders.gov.in/eprocure/app पर निम्न क्रिटिकल डेट शीट में दी गई तारीख के अनुसार प्रस्तुत किया जाएगाः

**<u>क्रिटिकल डेट शीट</u>**

| **क्र.सं.** | **गतिविधियों की सूची** | **तारीख एवं समय** |
|---|---|---|
| 1. | सीपीपी पोर्टल पर प्रकाशित तारीख | **<u>02.12.2019</u>** |
| 2. | निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की आरंभ तारीख | **<u>02.12.2019 पूर्वाह्न 11:00 बजे</u>** |
| 3. | निविदा दस्तावेज डाउनलोड की अंतिम तारीख | **<u>10.12.2019 पूर्वाह्न 11:00 बजे</u>** |
| 4. | निविदा प्रस्तुत करने की आरंभ तारीख | **<u>02.12.2019 पूर्वाह्न 11.30 बजे</u>** |
| 5. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख | **<u>10.12.2019 पूर्वाह्न 11.30 बजे</u>** |
| 6. | तकनीकी बोली खोलने की तारीख (लिफाफा-I) | **<u>11.12.2019 पूर्वाह्न 11.30 बजे</u>** |
| 7. | वित्तीय बोली खोलने की तारीख (लिफाफा-II) | इसकी सूचना बाद में दी जाएगी |

5. निविदा के लिफाफे-I में **अवर सचिव, सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स** (**बचत खाता सं. 91002010030022; आईएफएससी कोड- SYNB0009100, सिंडिकेट बैंक, एनपीएल, पूसा, नई दिल्ली**) के पक्ष में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा किए गए निविदा शुल्क (अप्रतिदेय) रु.1000/- (एक हजार रुपये मात्र) और **रु.2,67,275/- (रु. दो लाख सड.सठ हजार दो सौ पचहतर मात्र)** की बयाना राशि की स्कैन प्रतियां अपलोड की जाएगी । निविदा लागत तथा बयाना राशि के बिना प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा ।

6. निविदाकर्ता को पूर्णता संबंधी प्रमाण पत्र जारी करने वाली एजेंसी का नाम तथा दूरभाष संख्या इंगित करने होंगे ताकि यदि आवश्यक हो, तो दस्तावेजों का सत्यापन कराया जा सके। यह भी नोट किया जाए कि मूल्य बोली खुलने के बाद भी यदि यह पाया जाता है कि प्रस्तुत प्रत्यय-पत्र झूठे/जाली हैं, तो प्रस्तुत ऑफर एकदम अस्वीकृत कर दिए जाएंगे ।

7. नियोक्ता न्यूनतम या किसी टेंडर को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और पूरी निविदा या उसके कुछ भाग को स्वीकार करने का अधिकार रखता है तथा निविदाकार स्वयं द्वारा उल्लिखित की गई दरों पर कार्य करने के लिए बाध्य होगा ।

8. किसी भी निविदाकार को सीएसआईआर की ऐसी संबंधित यूनिट में कार्य करने हेतु निविदा की अनुमति नहीं दी जाएगी जिसमें प्रशासन नियंत्रक और जूनियर इंजीनियर (दोनों ही) के बीच के ग्रेड का उनका कोई रिश्तेदार तैनात हो । उसे उन व्यक्तियों के नाम सूचित करने होंगे जो किसी हैसियत में उसके साथ कार्य कर रहे हैं या बाद में उसके द्वारा नियुक्त किए गए हैं और उसके रिश्तेदार हैं ।

नोटः कोई व्यक्ति एक-दूसरे का रिश्तेदार तभी माना जाएगा जब (क) वे हिंदू अविभाजित परिवार के सदस्य हों या (ख) वे पति- पत्नी हों अथवा (ग) निम्न रुप में एक दूसरे के रिश्तेदार होः पिता, माता (सौतेली मां भी) बेटा (सौतेला बेटा भी) पुत्रवधू, पुत्री (सौतेली पुत्री भी), दादा, पोता,पोते की पत्नी, पोती, पोती का पति, दामाद, नाती की पत्नी, नातिन, नातिन का पति, भाई (सौतेला भाई भी) अनुजवधू, बहिन (सौतेली बहिन भी) जीजा ।

9. प्रस्तुत की गई निविदाएं स्वीकृति एवं कार्य अवार्ड करने के उद्देश्यार्थ बोली प्रस्तुति की अंतिम तारीख से 90 दिन की अवधि हेतु मान्य रहेंगी । बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से 90 दिन के बाद निविदा की वैधता आपसी सहमति से बढ़ाई जाएगी ।

10. ई-टेंडरिंग में, निविदाकार को दरें केवल अंकों में प्रस्तुत करनी हैं। शब्दों में दरें, प्रत्येक मद की राशि और जोड. स्वतः सृजित होते हैं । इसलिए निविदाकार द्वारा अंकों प्रस्तुत दरों को ही सही माना जाता है ।

11. निविदाकार कॉन्ट्रैक्ट ड्रॉइंग्स (जैसा लागू हो) को ध्यानपूर्वक देखे, क्योंकि किसी भी कथित अनभिज्ञता हेतु किसी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा ।

12. निविदा प्रस्तुत करने से पहले, निविदाकार संस्थापन आदि, आवास प्रभावित करने वाली स्थितियों तथा कामगार आदि की गतिविधि संबंधी स्थितियों से स्वयं को पूर्णतः परिचित करने के लिए स्थल का निरीक्षण करेगा जो कि संविदा के संतोषजनक निष्पादन के लिए आवश्यक है। नियोक्ता द्वारा ऐसे कारणों से संबंधित किसी दावे पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा ।

13. यदि कोई निविदाकार अपनी निविदा को वैधता अवधि के भीतर वापस लेता है या इस निविदा की निबंधन एवं शर्तों में कोई आशोधन करता है, जो कार्य अवार्ड से पहले सीएसआईआर को स्वीकार्य नहीं है, तो सीएसआईआर किसी अन्य अधिकार या उपाय को प्रतिकूल रुप से प्रभावित किए बिना बयाना राशि का 50% (पचास प्रतिशत) भाग जब्त करने के लिए स्वतंत्र होगा । इसके अतिरिक्त, निविदाकार को इस कार्य की री-टेंडरिंग प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

14. यदि निविदाकर कार्य अवार्ड करने के बाद कार्य को निर्धारित अवधि में शुरू करने में विफल रहता है तो उसकी 100% बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी ।

15. दरों को मात्र अंको में लिखने के अलावा निविदाकार को कोई शर्त नहीं लिखनी चाहिए, या कोई परिवर्तन, आधिक्य, परिवर्धन और अशोधन नहीं करना चाहिए ।

16. निविदा की सामान्य शर्तों के कुछ प्रमुख उपबंध निम्नवत हैं। तथापि स्पष्टीकरण निविदा की सामान्य शर्तों में दिए गए के अनुसार होंगे ।

**क. दोष दायित्व की अवधि** प्रभारी इंजीनियर द्वारा यथा प्रमाणित कार्य पूर्ण होने की तारीख से **01 माह** की है ।

**ख. मध्यवर्ती अंतरिम प्रमाण पत्र हेतु कार्य का न्यूनतम मूल्यः-** अंतरिम प्रमाण पत्र **रु. 3,00,000/- (रुपये तीन लाख)** का होगा । तथापि, प्रभारी इंजीनियर के

विवेक पर मध्यवर्ती/अंतरिम प्रमाण पत्र हेतु कम से कम राशि स्वीकार की जा सकती है ।

**ग. प्रतिभूति जमा**ः- ठेकेदार के लगे हुए प्रत्येक बिल से बिल की सकल राशि का 10% इस कार्य के निविदा मूल्य के 5% राशि के बराबर बयाना जमा के रुप में पहले ही जमा की गई राशि के बराबर होने तक काटा जाएगा । इसके अतिरिक्त, ठेकेदार को जारी अवार्ड लेटर में निर्धारित अवधि के भीतर निष्पादकता प्रतिभूति के रुप में ठेका मूल्य के 5% के बराबर राशि जमा करनी होगी ।

**घ. प्रतिपूर्ति**ः ठेकेदार 1% (एक प्रतिशत) के बराबर या ऐसी छोटी राशि को प्रतिपूर्ति के रुप में भुगतान करेगा जिसे नियोक्ता करार में दर्शाए गए के अनुसार समस्त कार्य की लागत पर निश्चित कर सकता है, निर्धारित तिथियों के बाद कार्य अधूरा, अपूर्ण रहता है या कार्य कुछ मात्रा में अधूरा रहता है । करार में दर्शाई गई संविदा राशि के 10% (दस प्रतिशत) से अधिक की प्रतिपूर्ति देय नहीं होगी ।

17. निविदा दस्तावेज और उसमें निबंधन एवं शर्तों से संबंधित किसी समस्या के लिए अनुभाग अधिकारी (इंजीनियरिंग), सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स, पूसा, नई दिल्ली से पूछ सकते है ।

18. इस कार्य में संविदा की शर्तों का क्लॉज नं. 28 अर्थात् "**एस्केलेशन**" लागू नहीं होगा ।

19. सभी निविदाकार अपने-अपने माल एवं सेवा कर संबंधी पंजीकरण का प्रमाण प्रस्तुत करें। जीएसटी की कटौती, सरकार के मानक मानदंडों के अनुसार ठेकेदार के चालू एवं अंतिम बिल से की जाएगी । ठेकेदार सभी करो सहित अपने दर प्रस्तुत करेगा ।

20. क्योंकि इस कार्य की एक साइट अर्थात (सीएसआईआर मुख्यालय)यह कार्य स्थल प्रतिबंधित क्षेत्र में है, इसलिए विशिष्ट समय में यातायात पर प्रतिबंध होगा । इसके लिए कुछ भी अतिरिक्त देय नहीं होगा ।

1. **तकनीकी बोली का खुलना (कवर:। )**

(क) तकनीकी बोली को **दिनांक 11.12.2019 को 11:30 बजे (पूर्वाह्न)** चीफ इंजीनियर का कार्यालय, अभियांत्रिकी सेवा प्रभाग (ईएसडी), सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स, पूसा, नई दिल्ली 110012 में **टेंडर ओपनिंग कमेटी** (टीओसी) द्वारा ऐसे इच्छुक निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोला जायेगा, जो उस समय उपस्थित होना चाहें, । टेंडर ओपनिंग कमेटी द्वारा इस संबंध में किसी भी दावे या किसी भी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया जाएगा ।

(ख) कवर: । अर्थात तकनीकी बोली में निहित दस्तावेजों के मूल्यांकन के बाद, टेंडर ओपनिंग कमेटी एनआईटी में निर्धारित मानदंडों के अनुसार पात्र निविदाओं पर निर्णय लेंगी।

(ग) यह टीओसी तत्पश्चात केवल पात्र निविदाकारों की वित्तीय बोली को खोलेगी ।

22. <u>वितीय बोली का खोलना (कवर:।।):</u> पात्र निविदाकारों के कवर:।। को क्रमश: खोला जाएगा। उसके बाद उपस्थित/भाग लेने वाले निविदाकारों की सूचनार्थ उनके द्वारा कोट की गई कुल धनराशि को टीओसी द्वारा जोर से पढ़ा जायेगा ।

23. <u>अस्वीकृत की जा सकने वाली निविदा</u>

निविदा को सीधे अस्वीकृत किया जा सकता है, यदि पाया जाता है कि -

(क) निविदाकार द्वारा निविदा प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन नहीं किया गया है ।

(ख) यदि निविदा शर्त सहित हो।

(ग) यदि निविदाकर्ता ने उपलब्ध कराए गए निर्दिष्ट स्थान के अलावा अपने प्रस्ताव को कहीं और कोट कर दिया है।

(घ) निविदाकर्ता ने अपने दस्तावेज अपलोड नहीं किए हों अथवा निर्धारित फॉर्मेट न भरा हो ।

(ड.) निविदा दस्तावेज से असमानता होने के मद्देनज़र टीओसी द्वारा लिए गए निर्णयानुसार निश्चित किए गए किसी अन्य आधार पर ।

24. ई-निविदा को प्रस्तुत करने से सम्बन्धित निर्देश सीपीपीपी की वेबसाइट अर्थात https://etenders.gov.in/eprocure/app पर "इंसट्रक्शन फॉर ऑनलाइन बिड सब्मिशन" के अन्तर्गत उपलब्ध हैं । सभी इच्छुक निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि वे ई-निविदा की प्रक्रिया में प्रवेश करने से पूर्व इन निर्देशों को पढ़ें और उन्हें सलाह दी जाती है कि किसी भी शुद्धि पत्र/अनुशेष/संशोधन के लिए निविदा जमा करने की अंतिम तारीख तक नियमित रूप से सीपीपीपी की वेबसाइट को देखते रहें । मैनुअल निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

25. निविदाकर्ता संलग्नक:। के अनुसार फर्म के लैटर हेड पर एक वचनबंध प्रस्तुत करेगा । इस वचनबंध की स्कैन्ड प्रति को कवर:। में अपलोड किया जायेगा और वचनबंध की मूल प्रति को कार्य के आबंटन से पूर्व अभियांत्रिकी सेवा प्रभाग में प्रस्तुत किया जाएगा ।

26. स्कैन किए जाने वाले और कवर: । एवं ।। में अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़ों की सूची निम्नानुसार है :

| क्र.सं. | कवर-। | कवर-।। |
|---|---|---|
| 1. | निविदा लागत को जमा किए जाने की रसीद | निविदा दस्तावेज में दिए गए फॉर्मेट के अनुसार वित्तीय बोली |
| 2. | बयाना जमा राशि (ईएमडी) को जमा किए जाने की रसीद | |
| 3. | एनआईटी के अनुसार संतोषजनक ढंग से पूरे किए गए समान कार्यो के अनुभव प्रमाण पत्रों की प्रतियां | |
| 4. | जीएसटी पंजीकरण संख्या की प्रति | |
| 5. | पैन कार्ड की प्रति | |
| 6. | उक्त क्लॉज सं. 22 के अनुसार निविदा स्वीकृति पत्र | |
| 7. | वैध इलेक्ट्रिकल लाइसेंस | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 8. | ईएसआई एवं ईपीएफ पंजीकरण की प्रति | |
| 9. | कार्य संतोषजनक ढ़ंग से पूर्ण कने संबंधी प्रमाणपत्रों की प्रति | |

**<u>संलग्नक:-1</u>**

**<u>निविदा स्वीकृति पत्र</u>**

(कंपनी के लैटर हैड पर दिया जाए)

दिनांक:

सेवा में,

चीफ इंजीनियर,
अभियांत्रिकी सेवा प्रभाग
सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स, पूसा,
नई दिल्ली-110012

विषय: निविदा के निबंधन और शर्तों की स्वीकृति
निविदा संदर्भ संख्या: 11-6(19)/2019 - इंजीनियरी

**निविदा/कार्य का नाम: "सीएसआईआर मुख्यालय, रफी मार्ग, सीएसआईआर विज्ञान केन्द्र, लोधी रोड, सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स पूसा, सीएसआईआर नारायणा एवं सीएसआईआर वैज्ञानिक अर्पाटमेंट महारानी बाग, नई दिल्ली में लगे डीजी सैटों, वाटर पम्पों और लिफ्टों सहित सब-स्टेशन पैनलों, इंटरनल इलेक्ट्रिफिकेशन कार्य, इलेक्ट्रिकल एवं सम्बद्ध प्रणाली का वार्षिक सामान्य रखरखाव अनुबन्ध"**

महोदय,

1. एतद्वारा मैंने/हमने आपके द्वारा दिए गए विज्ञापन के अनुसार वेबसाइटों नामश: ई-टेंडरिंग पोर्टल https://etenders.gov.in/eprocure/app से 'निविदा/कार्य' के लिए निविदा दस्तावेज(दस्तावेजों) को डाउनलोड/प्राप्त कर लिया है/लिए हैं ।
2. मैं/हम एतद्वारा प्रमाणित करता हूँ/करते हैं कि मैंने/हमने निविदा दस्तावेजों की सभी निबंधन और शर्तों को पढ़ लिया है (सभी दस्तावेजों जैसे जीसीसी, कार्यक्षेत्र, संलग्नकों, लिस्ट ऑव मेक, अनुसूची (अनुसूचियों), वचनबंध पत्र आदि सहित), जो संविदा करार का हिस्सा हैं और मैं/हम इसमें निहित निबंधन/शर्तों/क्लॉजेज का पालन करूंगा/करेंगे।
3. इस स्वीकृति पत्र को जमा करते समय आपके विभाग/संगठन द्वारा समय-समय पर जारी किए गए शुद्धि पत्र(पत्रों) को भी ध्यान में रखा गया है ।

4. मैं/हम एतद्वारा उपर्युक्त निविदा दस्तावेज(दस्तावेजों)/शुद्धि पत्र (पत्रों) की निविदा शर्तों को इसके समग्र रूप से/संपूर्ण रूप से बिना किसी शर्त के स्वीकार करता हूँ/करते हैं ।
5. मैं/हम एतद्वारा घोषणा करता हूँ/करते हैं कि हमारी फर्म किसी सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा ब्लैक लिस्ट/डिबार्ड नहीं की गई है ।
6. मैं/हम प्रमाणित करता हूँ/करते हैं कि हमारी फर्म द्वारा दी गई सभी जानकारी सत्य एवं सही हैं और किसी जानकारी को गलत/असत्य अथवा उसका उल्लंघन पाए जाने पर आपका विभाग/संगठन उक्त बयाना जमा राशि को पूर्ण रूप से ज़ब्त किए जाने सहित, किसी अन्य अधिकार अथवा प्रतिकार के पूर्वाग्रह के बिना कोई नोटिस दिए अथवा कोई कारण बताए बिना तत्काल इस बोली को अस्वीकृत कर देगा ।

भवदीय,

(बोलीदाता के हस्ताक्षर कार्यालयी मुहर सहित)

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
**(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद)**
**अभियांत्रिकी सेवा प्रभाग, सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स,**
**पूसा, नई दिल्ली-110012**

**<u>प्रेस नोटिस (एनआईटी)</u>**

"सीएसआईआर मुख्यालय, रफी मार्ग, सीएसआईआर विज्ञान केन्द्र, लोधी रोड सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स पूसा, सीएसआईआर नारायणा एवं सीएसआईआर वैज्ञानिक अर्पाटमेंट महारानी बाग, नई दिल्ली में लगे डीजी सैटों, वाटर पम्पों और लिफ्टों सहित सब-स्टेशन पैनलों, इंटरनल इलेक्ट्रिफिकेशन कार्य, इलेक्ट्रिकल एवं सम्बद्ध प्रणाली का वार्षिक सामान्य रखरखाव अनुबन्ध" के कार्य के लिए ऑन-लाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इस कार्य की अनुमानित लागत डीएसआर- 2018 तथा प्रचलित बाजार दरों पर आधारित **रु. 1,33,63,584/- (एक करोड. तैंतीस लाख तिरेसठ हजार पांच सौ चौरासी रुपये मात्र)** है। बयाना राशि **रु. 2,67,275/- (दो लाख सड़सठ हजार दो सौ पचहत्तर रुपये मात्र)** और निविदा शुल्क **रु. 1000/-** (अप्रतिदेय) है। इस कार्य को पूरा करने का समय **365 दिन** है।

इस निविदा को सरकारी ई-पोर्टल **<u>https://etenders.gov.in/eprocure/app</u>** से दिनांक **02.12.2019 से दिनांक 10.12.2019 प्रात: 11:30** बजे तक डाउनलोड और ऑन-लाइन प्रस्तुत किया जाएगा। तकनीकी बोली दिनांक **11.12.2019 को प्रात: 11:30** बजे खोली जाएगी।

एनआईटी को हमारी वेबसाइट **<u>www.csirhrdg.res.in</u>** पर भी देखा जा सकता है। **कृपया और अधिक पूछताछ के लिए अनुभाग अधिकारी (इंजीनियरी) ईएसडी, सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स, पूसा, नई दिल्ली से संपर्क करें। टेलीफोन :- 011-25848121.**

**मुख्य अभियंता**